# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–08.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में संसद कार्यशाला में लिया भाग, कहा– ऐसे मंच पार्टी को जनता की सेवा बेहतर ढंग से करने की दिशा में करते हैं प्रेरित। ।
2. जमशेदपुर में झारखंड गौरव सम्मान का हुआ आयोजन, समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वालों को किया गया सम्मानित।
3. हजारीबाग पुलिस ने चौपारण थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 12 अवैध शराब भट्ठियां कीं नष्ट, संलिप्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज।
4. मौसम विभाग ने आज राज्य में तेज हवाओं और वज्रपात के साथ बारिश की जताई संभावना, कोडरमा में वज्रपात से एक युवक की मौत।
5. भारत ने एशिया कप हॉकी फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4–1 से हराकर जीता खिताब, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम की जीत पर दी बधाई।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में संसद कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में देश भर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं और सांसदों ने विविध मुद्दों पर अपने बहुमूल्य विचारों का आदान–प्रदान किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी पार्टी में संसद कार्यशाला जैसे मंच महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये एक–दूसरे से सीखने और इस बात पर विचार–विमर्श करने के बेहतरीन मंच हैं कि हम लोगों की और बेहतर सेवा कैसे कर सकते हैं।

**********************

जीएसटी परिषद द्वारा 3 सितंबर को सामान्य जन पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी गई। इन सुधारों ने कई क्षेत्रों में कर दरों को कम करके नागरिकों का जीवन आसान बना दिया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जीएसटी सुधार इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगे।

**********************

जमशेदपुर में राष्ट्रवादी संगठन द्वारा झारखंड गौरव सम्मान आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सरयू राय, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय और राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा मौजूद रहे। इस दौरान समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रभक्ति में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजेश झा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाजसेवियों का मनोबल बढ़ाते हैं और 'राष्ट्र ही सर्वोपरि' का संदेश फैलाते हैं।

**********************

सरायकेला खरसावां में कुड़मी सेना टेटोमिक द्वारा करम महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कुड़मी समाज को आदिवासी दर्जा देने की मांग पुरानी है और इसके लिए समाज लगातार संघर्ष कर रहा है। कुड़मी सेना के अध्यक्ष लालटू महतो ने दिवंगत सांसद सुनील महतो के सपनों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

**********************

दुनिया भर में इस वर्ष दूसरा चंद्रग्रहण देखा गया। रात 9 बजकर 57 मिनट से शुरू होकर ग्याइरह बजकर एक मिनट तक, पृथ्वी की छाया ने चंद्रमा को पूरी तरह से ढक लिया, जिससे ब्लड मून का  दुर्लभ नजारा देखने को मिला।

**********************

हजारीबाग पुलिस ने चौपारण थाना क्षेत्र के भगहर, भण्डारा और परसातरी के घने जंगलों में छापेमारी कर 12 अवैध शराब भट्ठियों को नष्ट किया है। एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर अनुमंडल पुलिस बरही के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है।

इधर चतरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर हंटरगंज थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से AK–47 राइफल की 393 गोलियां, एक मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

*********************

जमशेदपुर में बेलडीह ग्राम स्वच्छता अभियान की शुरुआत हुई जिस में वायु प्रदूषण और स्वच्छता को लेकर बस्तीवासियों को जागरूक किया गया । आदर्श सेवा संस्थान के लखी दास ने बताया कि इस दौरान स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प किया गया है।

*********************

जमशेदपुर कला मंदिर के प्रयास से घाटशिला प्रखंड की काशिदा पंचायत के चेंगजोरा गांव में आदिवासी थीम पर आधारित हेरिटेज रिसॉर्ट तैयार किया गया है।

*********************

मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य में आंशिक बादल छाए रहेंगे और कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश के आसार हैं। साथ ही पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है।

इधर कोडरमा के चंदवारा थाना क्षेत्र में वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई।

*********************

भारत ने पुरुष एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4–1 से हरा दिया। कल बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में मिली इस जीत के साथ भारत न केवल चौथी बार एशिया कप विजेता बन गया है बल्कि उसने अगले साल होने वाले हॉकी विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशिया कप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की शानदार जीत पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह जीत और भी खास है क्योंकि उन्होंने गत विजेता दक्षिण कोरिया को हराया है।

*********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने पुरुष एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में भारत के आठ साल बाद जीत की खबर और चन्द्रग्रहण की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

हिंदुस्तान ने लिखा है – भारत आठ साल बाद बना एशिया कप हॉकी चैंपियन।

प्रभात खबर की सुर्खी है–इलाज के लिए लोटवा गांव की मां पिंकी देवी ने बेचा था नवजात, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, सीएम गंभीर, दंपती को नवजात वापस।

दैनिक भास्कर लिखता है सात जवानों सहित 30 लोगों के हत्यारे नक्सली अपटन को पुलिस ने मार गिराया।

दैनिक जागरण के शब्द है– रातू में जमीन कारोबारी की हत्या।

***********************